हिंदी अखबारों में बेहतर विकल्प

प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

27 मार्च 2010 (चैत्र शुक्ल 12 संवत : 2067) कोलकाता, रांची, पटना, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और सिलीगुड़ी से एक साथ प्रकाशित

इक्मा की हड़ताल 30 को

कोलकाता : कॉरुगेटिड बॉक्स व गत्ते के कार्टून बनाने वाली कंपनियों की हालत ठीक नहीं है. देशभर में महंगाई की मार से पैकेजिंग उद्योगों को भी भारी क्षति हुई है. कच्चे माल की कीमत में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है. इससे परेशान कॉरुगेटिड बॉक्स मैन्यूफ्रैक्चर्स एसोसिएशन (इक्मा) ने 30 मार्च को हड़ताल करने का फैसला किया है. यह जानकारी एसोसिएशन के पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष हेमंत सरावगी ने संवाददाता सम्मेलन में दी. उन्होंने बताया कि दिसंबर महीने से पेपर की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही थी, लेकिन अब पानी सर से उपर चला गया है. इसलिए पूर्वी क्षेत्र की सारी बॉक्स कंपनियों ने एक दिन कंपनी बंद रखने का फैसला किया है. उन्होंने सरकार से कस्टम ड्यूटी कम करने की मांग की है. श्री सरावगी ने बताया कि क्राफ्ट पेपर की कीमत में 45 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है. फेडरेशन ऑफ कॉरुगेटिड बॉक्स मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल ने कहा कि पेपर के दाम प्रति किलो 8 रुपये बढ़ गये हैं.